## सार-समाचार

### सुरक्षा चक्र कार्यक्रम का समापन

**बीकानेर,** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता विभाग एवं आरएसी थर्ड बटालियन के संयुक्त तत्वावधान में आठ दिवसीय आत्मरक्षा एवं विधिक जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम 'सुरक्षा चक्र' का समापन समारोह सोमवार को हुआ। महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 100 बालिकाओं को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान आत्मरक्षा प्रशिक्षण, साइबर क्राइम, आर्मी, एयर फोर्स, पुलिस की भर्ती प्रक्रिया, राजकोप सिटिजन ऐप की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरएसी थर्ड बटालियन सीमा हिंगोनिया एवं महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना द्वारा प्रशिक्षित बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। समापन समारोह के दौरान बालिकाओं ने विभिन्न आत्म रक्षात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध के सहयोग से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया गया। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान पर्यवेक्षक ज्योति बिश्नोई, शिवरतन बिश्नोई, पन्नाधाय सुरक्षा सलाह केन्द्र की केन्द्र प्रबंधक सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कबड्डी दल स्टेट प्रतियोगिता के लिए रवाना

**बीकानेर।** 69वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता अकोदा (डीडवाना -कुचामन) में भाग लेने बीकानेर के 17 व 19 वर्ष 24 सदस्यीय छात्रा कबड्डी दल राउमावि बींझासर से जोश और उत्साह के साथ रवाना हुए। इससे पूर्व जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं राउमावि बींझासर में सम्पन्न हुई तथा राज्य स्तर पर चयनित 24 (12प्लस12) खिलाडियों का प्रशिक्षण शिविर कोच हनुमान प्रसाद गुर्जर , सावित्री खीचड़ , नरेन्द्र सिंह और सरोज की देखरेख में 24 सितंबर से 28 सितंबर तक सम्पन्न हुआ। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता शिशु विहार स्कूल आकोदा डीडवाना में 30 सितंबर से 6 सितंबर तक आयोजित होगी। दोनों दलों को संस्था प्रधान मदन लाल शर्मा , प्रेमसिंह राठौड़ ,सरपंच प्रतिनिधि सोहनलाल जाखड़ ,सहीराम तावणिया सहित गणमान्य नागरिकों और विद्यालय स्टाफ द्वारा तिलक लगाकर रवाना किया गया। गौरतलब है कि बीकानेर टीम गत दो वर्षों से लगातार गोल्ड मेडल विजेता रही है।

### देवी आशापुरा की विशेष पूजा

**बीकानेर,।** उदयरामसर के प्राचीन भगवान कुंथुनाथ जैन मंदिर में नवरात्र महोत्सव के तहत मंगलवार को मंदिर परिसर में स्थापित जैन समाज के बोथरा, भंडारी, पुष्करणा समाज विभिन्न जातियों व राजपूत समाज की विभिन्न जातियों की कुलदेवी आशापुरा के मंदिर में विशेष पूजा, कन्या पूजन, हवन व महाप्रसाद का आयोजन होगा। कुंथुनाथ जैन मंदिर से जुड़े नरेश, सुरेश भंडारी ने बताया कि पहले नवरात्रा से ही जैन व जैनेतर श्रद्धालु देवी आशापुरा के मंदिर में दर्शन वंदन करने पहुंच रहे है। मंदिर में वेद पाठी ब्राह्मणों की ओर से शत चंडी, दुर्गा सप्तशती के पाठ व देवी की विभिन्न स्तुतियां नौ दिनों तक की जा रही है। देवी की प्रतिमा पर नियमित अलग-अलग विशेष श्रृंगार कर भोग लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सुबह साढ़े नौ बजे यज्ञ उसके बाद कन्या पूजन व महा प्रसादी का आयोजन होगा। दर्शन करने वालों में उदयरामसर के साथ बीकानेर, गंगाशहर, भीनासर सहित आस पास के श्रद्धालु शामिल है।

### मेले में व्यवस्था को लेकर बैठक

**बीकानेर।** पोकरण स्थित मां आशापुरा मंदिर में 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले मेले के अवसर पर बिजली पानी,ओर यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यक बैठक हुई जिसमें जैसलमेर जिला कलक्टर, पोकरण एस डी एम, बिजली एवं पानी विभाग तथा पुलिस प्रशासन को पत्र लिखकर कर मेले अवसर पर सभी व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक कदम उठाएं जाने की मांग की है। सचिव रामेश्वर बिस्सा ने बताया कि मेले के अवसर पर सम्पूर्ण भारत वर्ष से हजारों यात्री जाता जड़ूला के लिए आशापुरा माताजी के दरबार में धोक लगाने आते हैं।इस अवसर पर निःशुल्क भंडारा एवं दशमी को कड़ाई का प्रसाद किया जाता है।

### किरोडी लाल मीणा का स्वागत

**बीकानेर।** कैबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा के सर्किट हाउस बीकानेर आगमन पर मीणा समाज बीकानेर के प्रतिनिधि मंडल द्वारा माला एंव साफा पहनाकर स्वागत किया गया और समाज की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम संयोजक मनोज कुमार मीणा ने बताया 5 अक्टूबर को आदिवासी मीणा समाज मिलन समारोह में अतिथि के रूप में डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा को निमंत्रण पत्र भेंट कर आमंत्रित किया मंत्री जी ने आश्वासन दिया है वह समारोह में जरूर शामिल होंगे। इस अवसर पर समाज के मनोज कुमार मीणा डॉ मुकेश मीणा अनिल मीणा रामकेश मीणा पुष्पेंद्र मीणा ज्ञान सिंह मीणा शिवराम मीणा स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय के छात्र प्रतिनिधि दिलीप मीणा आदि उपस्थित रहे।

### महिला शक्ति सम्मान समारोह आयोजित

**बीकानेर** विलिएंट पब्लिक सेकेंडरी स्कूल,, बंगला नगर, बीकानेर में आज नवरात्रि के पावन पर्व एवं माता रानी के आशीर्वाद से महिला शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन विलियंट पब्लिक सेकेंडरी स्कूल बीकानेर द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सुमन छाजेड़, जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, बीकानेर और विशिष्ट अतिथि डॉक्टर बेनजीर अली, डॉक्टर शमीम अख्तर, शबनम बानो मजदूर नेता और लक्ष्मी गुप्ता थीङ इनके द्वारा समाज के चिकित्सा विभाग, नगर निगम,आंगनबाड़ी, राजस्थान पुलिस आदि क्षेत्रों की लगभग 50 से अधिक महिलाओं का मोमेंटो देकर सम्मान किया गया और प्रोग्राम की समस्त व्यवस्था ङहसन अली गौरी पूर्व पार्षद, प्रहलाद सिंह चौधरी,मकबूल खान, हरि जाट, रिजवान खन्ना, कादिर गौरी और आरिफ गौरीङ ने की और प्रोग्राम के आखिर में स्कूल की डायरेक्टर रमनदीप चौधरीङ द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया और मंच संचालन नाजिया मैडम ने किया है। गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन बीकानेर, भारत विकास परिषद, बीकाणा इकाई द्वारा आज एक्सीलेंस अकादमी विद्यालय, मुक्ता प्रसाद कॉलोनी में परिषद का राष्ट्रीय प्रकल्प गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के अवसर पर भारत विकास परिषद, बीकाणा इकाई अध्यक्ष नरेश खत्री (छाबड़ा) ने बताया कि जीवन में गुरु ही मार्गदर्शक होते हैं और गुरु ही आदर्श होते हैं। अध्यक्ष नरेश खत्री (छाबड़ा) के अनुसार गुरुओं से मिलने वाली सीख विद्यार्थी जीवन के साथ-साथ पूरे जीवन में काम आती हैं। कार्यक्रम की शुरुआत मे भारत माता व प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।विद्यालय प्रधानाध्यापक राजीव द्विवेदी ने बीकाणा इकाई के सभी पदाधिकारियों का ओपरना पहनाकर स्वागत किया।डॉ संजोग बिडवालकर ने गुरुजनों के कर्तव्यों के बारे में बात करते हुए कहा कि श्रेष्ठ गुरुजनों से ही श्रेष्ठ समाज का निर्माण संभव है।पर्यावरण संयोजक कौशलेश गोस्वामी ने कहा कि बदलते समय में विद्यार्थियों को हमारी प्राचीन गुरु शिष्य परंपरा का पालन करना चाहिए।एक्सीलेंस अकादमी विद्यालय प्रधानाध्यापक राजीव द्विवेदी के अनुसार कार्यक्रम में विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, साथ ही श्रेष्ठ गुरुजनों के रूप में पूजा सक्सेना, संजना सोलंकी, खुशबू चौधरी, जानवी चौधरी एवं राजीव कुमार द्विवेदी आदि गुरुओं का गुरुवंदन विद्यार्थियों के द्वारा चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया।बीकाणा इकाई के विपुल सिंह राजपूत के नेतृत्व में सभी ने सामूहिक रूप से नशा मुक्ति की शपथ ली।कार्यक्रम के समापन पर एक्सीलेंस अकादमी विद्यालय प्रधानाध्यापक राजीव द्विवेदी एवं पूजा सक्सेना ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### शबरी के उद्धार का मंचन किया गया

**बीकानेर।** नवरात्रि पर नगर सेठ लक्ष्मीनाथ जी मंदिर परिसर रामलीला मैदान में श्री राम कला मंदिर संस्थान व रोटरी क्लब रॉयल्स बीकानेर की ओर से आयोजित रामलीला में सातवें दिन रविवार रात हनुमान का दृश्य दिखाया गया। लीला में शबरी का उद्धार मैं तो कर रही रास्ता साफ आज मेरे राम पधारेंगे, राम पधारेंगे मेरे भगवान पधारेंगे। जनम जनम से राह बुहारु अब तो आएंगे। राम हनुमान मिलन कौन है ग्राम क्या नाम देवता, कहां से आप पधारे हैं। जाहिर में तो हो तपस्वी, फिर शस्त्र क्यों तारे हैं। क्या ग्राम क्या नामदेवता कहां से आप पधारे हैं। राम बोले- क्यों पूछो महाराज हम प्रारब्ध के मारे हैं। कहने को तो हम दोनों दशरथ के राज दुलारे हैं। आदि का मंचन किया गया। संस्थान के अध्यक्ष गिरीराज जोशी ने बताया कि मंचन से पहले विधि विधान से गणेश जी का पूजन से किया गया। मुख्य अतिथि जेठानंद व्यास, पंडित राजेंद्र किराडू, किशन ओझा, डॉ राहुल व्यास थे।

# राजस्थानी अत्यंत समृद्ध भाषा, इसे शीघ्र संवैधानिक मान्यता मिले-विधायक व्यास

- राजस्थानी भाषा अकादमी की ओर से पुस्तक-प्रदर्शनी व पोथी-चर्चा आयोजित'

**बीकानेर,।** बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि राजस्थानी अत्यंत समृद्ध भाषा है, इसे संवैधानिक मान्यता शीघ्र मिलनी चाहिए। राज्य सरकार द्वारा भी राजस्थानी को मान्यता दिये जाने की दिशा में गंभीरता से प्रयास किये जा रहे हैं। व्यास सोमवार को राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से सांस्कृतिक सृजन पखवाडे॰ के तहत अकादमी सभागार में आयोजित पुस्तक-प्रदर्शनी व पोथी-चर्चा के दौरान संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुस्तकें ज्ञान का असीमित भंडार हैं।

ये हमारे विचारों को विकसित करने, रचनात्मकता को बढ़ावा देने व हमें भावनात्मक रूप से परिपक्व करती हैं। व्यास ने कहा कि अकादमी पुस्तकालय में उपलब्ध राजस्थानी पुस्तकों का शोधार्थियों-विद्यार्थियों को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकाधिक विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेजों में राजस्थानी विषय लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाये, इससे विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार-साहित्यकार मधु आचार्य 'आशावादी' ने कहा कि सांस्कृतिक सृजन पखवाड़े के तहत अकादमी द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों से राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति का व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ है। उन्होंने कहा कि पुस्तक 'राजस्थान के कवि' में राजस्थानी के ग्यारह लब्धप्रतिष्ठ कवियों को शामिल किया गया है। इन कवियों ने राजस्थानी कविता को नई पहचान दी है, युवा लेखकों को इनकी रचनाओं से सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी।

अकादमी सचिव शरद केवलिया ने बताया कि पुस्तक-प्रदर्शनी में अकादमी की मुखपत्रिका जागती जोत के वर्ष 1973 से अब तक के अंकों को प्रदर्शित किया गया है, इसके साथ ही अकादमी प्रकाशनों तथा अकादमी पांडुलिपि प्रकाशन सहयोग योजना के तहत प्रकाशित पुस्तकों को भी रखा गया है। पोथी-चर्चा में पत्रवाचन करते हुए श्री नेहरू शारदापीठ महाविद्यालय में राजस्थानी विभागाध्यक्ष डॉ. गौरीशंकर प्रजापत ने कहा कि 'राजस्थान के कवि' पुस्तक विभिन्न विश्वविद्यालयों-महाविद्यालयों में राजस्थानी विषय के पाठ्यक्रम में शामिल है। इसमें राजस्थानी के मूर्धन्य कवियों की प्रतिनिधि कविताओं को सम्मिलित किया गया है। लेखिका सीमा पारीक ने बताया कि इन कवियों की कविताओं में लोक संस्कृति, प्रेम, प्रकृति का अद्भुत चित्रण हुआ है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए नगेन्द्र नारायण किराडू ने 'राजस्थान के कवि' पुस्तक की विशेषताओं को विस्तार से बताया।

इससे पूर्व पुस्तक-प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन विधायक जेठानन्द व्यास ने किया। साहित्यकार सुधा आचार्य ने शंखनाद किया। इस अवसर पर साहित्यकार कमल रंगा, राजेन्द्र जोशी, इन्द्र कुमार छंगाणी, चन्द्रशेखर हर्ष, अब्दुल शकूर सिसोदिया, विक्रम सिंह चौहान, डॉ. मोहम्मद फारूक चौहान, श्री निवास थानवी, केशव जोशी, डॉ. अजय जोशी, राजाराम स्वर्णकार, डॉ. नमामी शंकर आचार्य, कानसिंह, मनोज मोदी, रोहित स्वामी, जुगल किशोर पुरोहित, योगेन्द्र कुमार पुरोहित, हरिशंकर पुरोहित, चित्रा पारीक, अक्षिता जोशी, मुक्ता व्यास, राहुल शर्मा सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी, विद्यार्थी उपस्थित थे।

# वंदे भारत का पहला कमर्शियल सफर

- बीकानेर से दिल्ली पहुंची 18 मिनट पहले, यात्रियों ने कहा, आरामदायक और समय से भी तेज

**बीकानेर।** गाड़ी संख्या 26471 बीकानेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस ने अपना पहला कमर्शियल रन किया और सुबह 5:40 बजे प्लेटफार्म संख्या 6 से नियत समय पर रवाना होकर दिल्ली कैंट 11:55 बजे पहुंचनी थी, लेकिन यात्रियों की उम्मीदों से कहीं आगे बढ़ते हुए यह ट्रेन करीब 18 मिनट पहले ही अपने गंतव्य पर पहुंच गई। यह उपलब्धि वंदे भारत को न सिर्फ तेज, बल्कि भरोसेमंद ट्रेन साबित करती है। पहले दिन बीकानेर से कुल 168 यात्री इस आधुनिक ट्रेन में सवार हुए।

एसी चेयरकार (400 सीट्स) में से 149 यात्री तथा एग्जीक्यूटिव चेयरकार (40 सीट्स) में से 19 यात्री थे। यात्रियों ने उत्साह के साथ तस्वीरें लीं और अपने अनुभव साझा किए। ट्रेन के अंदर कैटरिंग, साफ-सफाई और आरामदायक सीटिंग को देखकर यात्रियों ने इसे बीकानेर की प्राइड बताया। वंदे भारत बीकानेर से दिल्ली कैंट तक 447.39 किलोमीटर का सफर तय करती है। इसके मुख्य ठहराव श्रीडूंगरगढ़, रतनगढ़, चुरु, सादुलपुर, लोहारू, महेंद्रगढ़ और गुड़गांव। निर्धारित समय, 6 घंटे 15 मिनट

बीकानेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत का यह पहला सफर न सिर्फ यात्रियों के लिए सुखद रहा, बल्कि रेलवे के लिए भी भरोसेमंद शुरुआत मानी जा रही है। ट्रेन 6 घंटे 15 मिनट की जगह 5 घंटे 57 मिनट में पहुंची, यानी स्पीड और शेड्यूल दोनों ही ट्रैक पर रहे। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती बुकिंग 40-45 प्रतिशत ही रही, लेकिन त्यौहारी सीजन और यात्रियों की सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद आने वाले हफ्तों में यह आंकड़ा तेजी से बढ़ेगा। बीकानेर से दिल्ली कैंट तक का एसी चेयरकार किराया 1125 और एग्जीक्यूटिव चेयरकार किराया 2140 है। इसमें इंश्योरेंस और कैटरिंग चार्ज अलग से जुड़ते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह ट्रेन दिल्ली-जयपुर मार्ग पर मौजूदा सुपरफास्ट और शताब्दी जैसी ट्रेनों को चुनौती देगी। साफ-सफाई, समयबद्धता और आधुनिक सुविधाएं इसे यात्रियों की पहली पसंद बना सकती हैं।

गति और समयपालन - 447 किलोमीटर की यात्रा 18 मिनट पहले पूरी होना इस ट्रेन की दक्षता का प्रमाण है। बुकिंग पैटर्न - शुरुआती दिनों में कम बुकिंग सामान्य है। त्योहारी सीजन और माउथ पब्लिसिटी से यात्री संख्या बढ़ेगी। टूरिज्म और व्यापार - तेज और आरामदायक ट्रेन होने से बीकानेर-जयपुर-दिल्ली बेल्ट में पर्यटन और व्यापार को सीधा फायदा होगा। प्रतिस्पर्धा - निजी बस ऑपरेटर और मौजूदा सुपरफास्ट ट्रेनें अब यात्रियों को बनाए रखने के लिए सुविधाओं पर ज्यादा ध्यान देने को मजबूर होंगी।

# खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बीकानेर,।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (राजस्थान उच्च न्यायालय) के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा जिला एवं सेशन न्यायाधीश अतुल कुमार सक्सेना के निर्देश अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वाराविशेष रूप से सक्षम बालक -बालिकाओं के मध्य संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताए आयोजित करवायी गई। यह प्रतियोगिताएं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बधिर, बीछवाल में आयोजित करवाई गई। प्रतियोगिता में बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ व चूरू के विद्यार्थी उपस्थित रहे। इनमें लम्बी कूद, शंतरज, कबड्डी, टी.टी., कैरम, बैडमिंटन, शाटपुल, पोस्टर-पेंटिग प्रतियोगिताएं खेल का मुख्य हिस्सा रही। पोस्टर-पेंटिग प्रतियोगिता में बालिका रमनदीपकौर ने दोनों हाथों की अंगुलिया नहीं होने के बावजूद स्केच पेन से पेंटिग कर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती मांडवी राजवी ने बताया।

# केबिनेट मंत्री डॉ.मीणा को सौंपा ज्ञापन

**बीकानेर :** शिक्षक संघ एलिमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) राजस्थान की ओर से जिलाध्यक्ष सीता राम डूडी के नेतृत्व में राज्य के कैबिनेट मंत्री डॉ.किरोड़ी लाल मीणा का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान करके शिक्षकों की 25 सूत्रों मांगों के जल्द निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद एवं जिला महामंत्री पवन शर्मा ने बताया कि ज्ञापन में जिला एवं राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलनों में शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य करने,स्थाई तबादला नीति बनाने एवं जनप्रतिनिधियों की डिजायर प्रथा को बंद किया जाएं,अध्यापक से वरिष्ठ अध्यापक की पांच एवं वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता की तीन सत्रों की बकाया पदोन्नति जल्द करवाने,शिक्षक सम्मान समारोह की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता रखी जाएं एवं आवेदन करने वाले एवं चयनित होने वाले शिक्षकों के आवेदन अंकों सहित ऑनलाइन किए जाएं एवं पूर्व के तीन सत्रों 2023 से 2025 तक के नंबर जारी किए।

# कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने मेंडिसन विंग का अवलोकन किया

- भामाशाह कन्हैया लाल मूंधड़ा से दूरभाष पर की बात, सहयोग को बताया अनुकरणीय

**बीकानेर,।** कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने सोमवार को नवनिर्मित मेडिसिन विंग का अवलोकन किया। उन्होंने श्रीमती सीएम मूंधड़ा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किए गए इस कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भामाशाह परिवार द्वारा किया गया यह कार्य दशकों तक हजारों रोगियों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने विभिन्न वार्डों, प्रतीक्षालय, चिकित्सकों के चैंबर, आईसीयू, लाइब्रेरी आदि का अवलोकन किया और निर्माण कार्य की गुणवत्ता की सराहना की। कृषि मंत्री ने कहा कि 100 करोड़ रुपए से अधिक राशि दान करते हुए इतना भव्य भवन बनाना अनुकरणीय है। 527 बैड का यह मेडिसिन विंग बीकानेर के चिकित्सा जगत के लिए नया कीर्तिमान होगा। उन्होंने मां दुर्गा का पूजन भी करवाया। कृषि मंत्री ने ट्रस्टी कन्हैया लाल मूंधड़ा से दूरभाष पर बात करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि अपनी मातृभूमि के लिए इतनी बड़ी सोच के साथ काम करना दूसरों के लिए प्रेरणादाई है। कृषि मंत्री ने अपने विद्यार्थी जीवन से जुड़ी यादें साझा की और कहा कि बीकानेर से उनकी डॉक्टरी की शिक्षा हुई है। इस कारण इस शहर से उन्हें बेहद लगाव है। श्री मूंधड़ा ने आगामी दिनों में होने वाले उद्घाटन समारोह के लिए मंत्री मीणा को आमंत्रित किया। जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की मंशा है कि अस्पताल सरकार को सुपुर्द करने के बाद इसकी सुरक्षा और सफाई व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा सरकार की देखरेख में की जाए। इसके लिए आवश्यक कार्यवाही में सहयोग का आग्रह किया। इस दौरान पीबीएम अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र वर्मा, डॉ मनोज माली, बनवारी लाल शर्मा, सावन पारीक सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# गिरदावरी ऑफलाइन करवाने का आग्रह

बीकानेर, ।भाजपा बीकानेर देहात जिलाध्यक्ष श्याम सुन्दर पंचारिया ने किसानों की बढ़ती परेशानी को गंभीरता से लेते हुए ऑनलाइन गिरदावरी में आ रही तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, आईएएस संदेश नायक और जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णी से मोबाइल पर बातचीत कर तत्काल गिरदावरी ऑफलाइन करवाने का आग्रह किया, ताकि किसानों को शीघ्र राहत मिल सके 'किसानों की फसल से जुड़ी योजनाएं, सब्सिडी और बीमा जैसी अधिकांश योजनाएं गिरदावरी पर आधारित होती हैं। यदि समय पर गिरदावरी नहीं हो पाती तो किसान योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं। इसे देखते हुए ऑफलाइन गिरदावरी कराना आवश्यक है। जिलाध्यक्ष पंचारिया ने कहा में खुद किसान का बेटा हु किसानों की समस्याओं को समझता हु ग्रामीण इलाकों में नेटवर्क की कमी से असुविधा होती है गूगल मैप में ओवरलेपिंग की वजह से खसरे मिलान नहीं हो पा रहे।

# प्रशासन और पर्यटन विभाग की समन्वय बैठक आयोजित

- घूमर फेस्टिवल की तैयारियों को लेकर
- डॉ करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित होगा फेस्टिवल

**बीकानेर,।** राजस्थान की पारंपरिक लोक नृत्य शैली घूमर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में पर्यटन विभाग की ओर से नई पहल की जा रही है। गुजरात के गरबा की तरह अब राजस्थान का घूमर भी बड़े पैमाने पर आयोजित कर प्रमोट किया जाएगा। राज्य के सभी संभाग मुख्यालयों पर आगामी 15 नवंबर को घूमर फेस्टिवल 2025 का आयोजन होने जा रहा है। घूमर फेस्टिवल की तैयारी को लेकर सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम सिटी रमेश देव की अध्यक्षता में समन्वय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक अनिल राठौड़ ने बताया कि राज्य के सभी सातों संभाग मुख्यालयों बीकानेर, अजमेर, जयपुर, जोधपुर, भरतपुर, उदयपुर और कोटा पर 15 नवंबर की शाम 6 बजे घूमर फेस्टिवल 2025 का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में राजस्थानी वेशभूषा और लोकगीत के साथ प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इससे जैसे गुजरात का गरबा यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहर सूची में शामिल हुआ है, उसी तरह राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर घूमर को संरक्षण मिलेगा और घूमर ब्रांड राजस्थान की पहचान के रूप में स्थापित होगा। बीकानेर में यह फेस्टिवल डॉ करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। जहां दो बड़े स्टेज बनाए जाएंगे। साथ ही उद्योग विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग इत्यादि की ओर से देशी उत्पादों को प्रमोट करने वाली विभिन्न स्टॉल भी लगाई जाएगी। राठौड़ ने बताया कि फेस्टिवल में प्रतिभागी 12 वर्ष से ऊपर की सभी बालिकाएं और सभी महिलाएं बन सकेंगी। सभी स्कूल, कॉलेज की बालिकाएं, डांस स्कूल, एकेडमी ,गृहिणी, कामकाजी महिलाएं, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं हिस्सा ले सकेंगी। खास बात फेस्टिवल में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पर्यटन विभाग की साइट पर जाकर दिए गए लिंक पर रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा। रजिस्ट्रेशन एकल और ग्रुप दोनों रूप में करवाए जा सकेंगे। रजिस्ट्रेशन निशुल्क होगा।

रजिस्ट्रेशन का कार्य अक्टूबर प्रथम सप्ताह से शुरू होगा। जिसके बारे में जल्द ही जानकारी दे दी जाएगी। फेस्टिवल में रजिस्ट्रेशन करवाने वाले सभी प्रतिभागियों को आयोजन के पश्चात ऑनलाइन सर्टिफिकेट भी जारी किया जाएगा। पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक राठौड़ ने बताया कि पांच अलग-अलग कैटेगरी''बेस्ट ग्रुप डांस'', ''बेस्ट ग्रुप कॉस्ट्यूम'', ''बेस्ट ग्रुप ज्वेलरी'', ''बेस्ट ग्रुप सिंक्रोनाइजिंग'', ''बेस्ट ग्रुप कोरियोग्राफर'' में विजेता और उपविजेता को आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे।एकल प्रस्तुति को पुरस्कार की श्रेणी से बाहर रखा गया है। केवल ग्रुप डांस में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे राठौड़ ने बताया कि फेस्टिवल में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों के लिए 07 दिन की एक वर्कशॉप भी पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित की जाएगी।

ये वर्कशाप 25 अक्टूबर से 13 नवंबर के बीच सात दिन के लिए आयोजित की जाएगी। यह वर्कशॉप कहां आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी जल्द दी जाएगी। पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक राठौड़ ने बताया कि फेस्टिवल में हिस्सा लेने वाले ग्रुप में अगर 20 से अधिक सदस्य हुए तो ग्रुप को कॉस्ट्यूम, वर्कशॉप इत्यादि को लेकर 500 रूपए प्रति सदस्य प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। राठौड़ ने बताया कि फेस्टिवल में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को रंग बिरंगी राजस्थानी वेशभूषा में आना होगा। वेस्टर्न आउटफिट को अनुमति नहीं दी जाएगी। बैठक में पर्यटन विभाग के सहायक पर्यटन अधिकारी श्रीमती नेहा शेखावत, वरिष्ठ सहायक योगेश राय, सहायक प्रोग्रामर संदीप टेलर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### जोधपुर डिस्कॉम श्रमिक संघ ने किया प्रदर्शन

**नोखा।** जोधपुर डिस्कॉम श्रमिक संघ (भामसं) ने सोमवार को डिस्कॉम व्यापी आव्हान पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने भोजनावकाश के दौरान सहायक अभियंता के माध्यम से प्रबंध निदेशक को 33 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन नोखा ग्रामीण और नोखा शहर में किया गया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने नारेबाजी की और मांगपत्र का समाधान करने की मांग उठाई। मनीष पारीक ने कर्मचारियों को मांगपत्र पढ़कर सुनाया। डिस्कॉम उपाध्यक्ष प्रेमसुख बिश्नोई ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। नोखा ग्रामीण में अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य चुन्नीलाल राजस्थानी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान डिस्कॉम उपाध्यक्ष प्रेमसुख बिश्नोई, शाखा महामंत्री धन्नाराम कुलड़िया, शिवपाल सिंह शेखावत, दिनेश मोदी, महादेव नाई, बलदेव शर्मा, महेश मीणा, मूलाराम जाट, नितिन शर्मा, सतीश बिश्नोई, मनीराम और दुलीचंद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। नोखा शहर में डिस्कॉम कार्यसमिति सदस्य भंवरसिंह बीदावत और भीमसेन भाटी के साथ शाखा महामंत्री सीताराम तर्ड, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र छिंपा, जिला भामसं के महेश पारीक, ओमप्रकाश रांकावत, गोपीकिशन, मनीष पारीक, बजरंग डेलू, सुंदरलाल, महेंद्र माली, सीताराम, दुर्गेश कुमारी, राजकुमार भादू, भारमल भादू, जावेद अहमद, रूघसिंह खिंची और जगेश शर्मा ने सहायक अभियंता (पवस) को ज्ञापन दिया।

### राजस्थानी परिचर्चा आज

**बीकानेर,।** सांस्कृतिक सृजन पखवाड़े के तहत राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से 30 सितम्बर, मंगलवार को शाम 4 बजे राजस्थानी परिचर्चा 'मायड़ भासा राजस्थानी- शैक्षणिक अर आर्थिक विकास' का आयोजन किया जाएगा। अकादमी सचिव शरद केवलिया ने बताया।

**प्रतिमा हटाने की कार्यवाही निंदनीय :** बीकानेर में जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव राहुल जादुसंगत ने कहा कि बीकानेर के पूर्व विधायक एवं लोकनायक मुरलीधर व्यास की बीकानेर रेलवे स्टेशन पर स्थापित प्रतिमा को रेलवे अधिकारियों द्वारा बिना किसी प्रकार की चर्चा की।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र दीपित शर्मा मेरे कहने सुनने में नहीं है, एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ है। जिस कारण हमने उसको अपनी समस्त चल- अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है तथा उसके द्वारा किए गये किसी भी प्रकार के कृत्यों के लिए मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं है। आज के बाद कोई दिगर व्यक्ति, संस्था, फर्म, बैंक इत्यादि किसी प्रकार का लेनदेन व संव्यवहार करते हैं तो वह स्वयं की जिम्मेदारी होगी। सूचित रहे।

सुनीता शर्मा पत्नी स्व. देव कुमार शर्मा
निवासी- 8-बी-30 जय नारायण व्यास कॉलोनी, बीकानेर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/4398 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 29.9.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री धीरेन्द्र खत्री पुत्र श्री घनश्याम दास (10.66%), श्री खुशाल दास खत्री पुत्र श्री बूलचन्द खत्री (10.66%), श्री ताराचन्द खत्री पुत्र श्री खुशाल दास खत्री (21.32%), श्री शैलेन्द्र खत्री पुत्र श्री ताराचन्द खत्री (10.66%), श्री गोविन्द राम खत्री पुत्र श्री खुशाल दास खत्री (19.12%), श्री चन्द्रप्रकाश खत्री पुत्र श्री ताराचन्द खत्री (19.12%) निवासी श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 37 किला नं. 24 भूखंड माप 64.6 इंदू 65 फीट भू.सं. बी-(44-45) शक्ति मार्ग, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का पट्टा सं. 1966 दिनांक 23.9.2013 को श्री नरेन्द्र कुमार वैद पुत्र श्री महावीर प्रसाद वैद के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री धीरेन्द्र खत्री, खुशाल दास खत्री, ताराचन्द खत्री, शैलेन्द्र खत्री, गोविन्द राम खत्री, चन्द्रप्रकाश खत्री द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 16.03.2021 एवं 17.03.2021 के द्वारा प्राप्त कर उक्त भूखंड का ऑनलाईन नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री धीरेन्द्र खत्री पुत्र श्री घनश्याम दास (10.66%), श्री खुशाल दास खत्री पुत्र श्री बूलचन्द खत्री (10.66%), श्री ताराचन्द खत्री पुत्र श्री खुशाल दास खत्री (21.32%), श्री शैलेन्द्र खत्री पुत्र श्री ताराचन्द खत्री (10.66%), श्री गोविन्द राम खत्री पुत्र श्री खुशाल दास खत्री (19.12%), श्री चन्द्रप्रकाश खत्री पुत्र श्री ताराचन्द खत्री (19.12%) निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/749 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 29.09.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 12 के किला नं. 15, 16 में भूखण्ड माप 40 इन्टू 50 फीट भूखण्ड संख्या पीबी-13, पंजाबी सिटी, श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 6624 दिनांक 13.02.2009 को श्री कालिदास पुत्र श्री ज्ञानचंद के नाम से जारी किया हुआ है। श्रीमती सुनीता पत्नी श्री वेद प्रकाश निवासी म.न. 155 सेतिया कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड में से माप 20 इन्टू 50 फीट को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 09.09.2022 को क्रय कर, स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर उक्त भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
Rajkaj Ref. No. 18030585 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक : नियमन/2025/RajKaj Ref No.: **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 13-9-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 44 के किला नं. 6 में भूखण्ड संख्या का माप 25 गुणा 60 फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती सुनीता पत्नी श्री बाबुलाल शर्मा निवासी चक 3 ई छोटी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती सुनीता पत्नी श्री बाबुलाल शर्मा निवासी चक 3 ई छोटी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 44 के किला नं. 6 में भूखण्ड संख्या का माप 25 गुणा 60 फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref No.: 17595509 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/4395 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 26.9.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहित गोयल पुत्र श्री रमेश कुमार अग्रवाल निवासी 45 जे ब्लॉक, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 37/48 किला नं. 19 भूखंड माप 50 इंटू 67.6 फीट में से माप 2025 [illegible] भू.सं. ए-23 [illegible] श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का पट्टा सं. 1623 दिनांक 29.01.2002 को श्रीमती निर्मला देवी पत्नी श्री कैलाश चन्द के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री मोहित गोयल द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 14.02.2011 के द्वारा प्राप्त कर उक्त भूखंड का ऑनलाईन नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री मोहित गोयल पुत्र श्री रमेश कुमार अग्रवाल निवासी 45 जे ब्लॉक, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/711 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/4397 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 29.9.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेन्द्र मोहन ग्रोवर पुत्र श्री दिवान चन्द निवासी 15 भूप कॉलोनी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 5/6 किला नं. 20 भूखंड माप 25 इंटू 50 फीट भू.सं. ए-15 भूप कॉलोनी श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का पट्टा सं. 3768 दिनांक 07.09.2005 को श्री लीलाधर पुत्र श्री मोहनी राम के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री सुरेन्द्र मोहन द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत वसीयत दिनांक 22.12.2015 के द्वारा प्राप्त कर उक्त भूखंड का ऑनलाईन नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री सुरेन्द्र मोहन ग्रोवर पुत्र श्री दिवान चन्द निवासी 15 भूप कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/705 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**बीकानेर नगर निगम**
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org
क्रमांक / निर्माण / 2025-26 / 16370 दिनांक 24.09.2025

**ई- निविदा-सूचना सं0 119/2025-26**

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में ''ऐऐ'', ''ऐ'' श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा की कुल लागत 23.83 लाख
UBN Number DLB2526WSOB19646
राज.संवाद / सी / 25 / 11019 आयुक्त नगर निगम, बीकानेर

**बीकानेर नगर निगम**
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org
क्रमांक / निर्माण / 2025-26 / 16291 दिनांक 23.09.2025

**अल्पकालीन ई- निविदा-सूचना सं0 114/2025-26**

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में ''ऐऐ'', ''ऐ'' श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा की कुल लागत 33.62 लाख
UBN Number DLB2526WSOB19465
राज.संवाद / सी / 25 / 11017 आयुक्त नगर निगम, बीकानेर

**बीकानेर नगर निगम**
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org
क्रमांक / निर्माण / 2025-26 / 16283 दिनांक 23.09.2025

**ई- निविदा-सूचना सं0 112/2025-26**

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में ''ऐऐ'', ''ऐ'' श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा की कुल लागत 30.68 लाख
UBN Number DLB2526WSOB19473
राज.संवाद / सी / 25 / 11014 आयुक्त नगर निगम, बीकानेर